रेपो रेट कम होने से रियल एस्टेट सेक्टर में आएगा उछाल

गुड़गांव, 15 फरवरी (ब्यूरो): भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से रेपो दरों में कमी किए जाने का असर गुड़गांव के आवास कारोबार पर अच्छा पड़ने की उम्मीद व्यक्त की जा रही है। रेपो रेट कम होने से आवास के दामों पर कमी आएगी और बिक्री भी बढ़ने की उम्मीद प्रगट की जा रही है। उल्लेखनीय है कि गत कुछ दिन पहले ही रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने रेपो रेट में 25 आधार अंकों की कटौती की है जिसके कारण होम लोन की दरें कम हो जाएंगी। अब रेपो रेट 6.5 फीसदी से घटकर 6.25 फीसदी हो गया है जो कि रियल एस्टेट सेक्टर के लिए बड़ी राहत बात मानी जा रही है। गत दो-तीन वर्षों से कमोबेश रियल एस्टेट सेक्टर में मंदी छाई हुई है जिसके अब खत्म होने के भी आसार प्रगट हो रहे हैं। एनसीआर में गुड़गांव रियल एस्टेट सेक्टर का बड़ा हब माना जाता है और ऐसे में रेपों रेट में इस कटौती से डेवलपर्स के साथ खरीदारों मे भी एक अलग उत्साह देखने को मिलेगा। इस सेक्टर में और उछाल आने की उम्मीद है तो साथ ही आवासों के दाम भी कम हो जाएंगे कारण कि बैंक आसान दरों पर होम लोन देंगे। अल्फाकॉर्प के सीईओ आशीष सरीन कहते हैं कि आरबीआई की ओर से रेपो रेट को कम करने के फैसले का स्वागत करते है।

होम लोन की दरें भी होंगी आसान, कारोबारियों में खुशी